**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2023 के प्रथम शुक्रवार के लिए निर्धारित श्री डॉ० मान सिंह यादव, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-25 का उत्तर-**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
| --- | --- |
| **25** (क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्राम्य विकास) बतायेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक-30 अगस्त, 2023 जो मुख्य मंत्री को सम्बोधित पत्र जो प्रधान मंत्री ग्रामीण आवास योजना तथा शौचालय दिलाये जाने के सम्बन्ध में था, प्राप्त हुआ है? | जी हॉं। |
| (ख) यदि हॉं, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है? | उक्त प्रकरण की जांच खण्ड विकास अधिकारी सतॉव, रायबरेली से करायी गयी। खण्ड विकास अधिकारी सतॉव ने अपने पत्र संख्या-2560 दिनांक 01.11.2023 द्वारा जॉच कर आख्या उपलब्ध करायी गयी है। जांच आख्या के अनुसार श्रीमती आरती सिंह पत्नी स्व0 छोटेलाल सिंह निवासी ग्राम शहरी कौडी, ग्राम पंचायत कृष्णपुर ताला, विकास खण्ड सतॉव की निवासी है। स्थलीय जॉच के दौरान श्रीमती आरती सिंह द्वारा जानकारी दी गयी कि इनके पति श्री छोटेलाल की मृत्यु 2014 में हो गयी थी। उनकी एक पुत्री सुश्री नेहा सिहं आयु लगभग 18 वर्ष की है जो बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा है। श्रीमती आरती सिंह अपने स्व0 श्वसुर द्वारा लगभग 40 से 50 वर्ष पूर्व बनाये गये एक कमरे में रहती हैं, जो अत्यन्त जर्जर स्थिति में है। श्रीमती आरती सिंह की गांव में सड़क के किनारे पर एक बिस्वा जमीन है, जिसमें इन्होंने एक झोपडी डाल रखी है। खराब आर्थिक स्थिति एवं जर्जर कमरे की स्थिति के दृष्टिगत श्रीमती आरती सिंह पत्नी स्व0 छोटेलाल आवास एवं शौचालय हेतु पात्र है।<br>प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत आवास प्लस की सूची में श्रीमती आरती सिंह पत्नी |

स्व0 छोटेलाल का नाम सम्मिलित नहीं है। ऐसी स्थिति में योजनान्तर्गत श्रीमती आरती सिंह पत्नी स्व0 छोटेलाल सिंह को अभी आवास का लाभ दिया जाना सम्भव नहीं है।

पात्रता के दृष्टिगत इनका नाम ग्राम पंचायत कृष्णपुर ताला की छूटे हुए पात्र लाभार्थियों की सूची में क्रमांक 04 पर श्रीमती आरती सिंह पत्नी स्व0 छोटेलाल सिंह का नाम अंकित कर लिया गया है। वर्तमान में आवास प्लस की साइट ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बन्द कर दी गयी है। भविष्य में आवास प्लस साइट खुलने पर ही श्रीमती आरती सिंह पत्नी स्व0 छोटेलाल का नाम आवास प्लस की सूची में सम्मिलित कराते हुए आवास का लाभ दिये जाने हेतु नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कृष्णपुर ताला में श्रीमती आरती सिंह पत्नी स्व0 छोटेलाल सिंह का आनलाइन रजिस्ट्रेशन करा दिया गया है। सत्यापनोपरान्त जिलाधिकारी महोदया से अनुमोदन लेकर प्रोत्साहन राशि लाभार्थी के बचत खाते में शीघ्र ही प्रेषित कर दी जायेगी।

| | |
|---|---|
| (ग) उक्त पत्र पर की गयी कार्यवाही का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**(केशव प्रसाद मौर्य),**
**उप मुख्यमंत्री।**